# मौलिक शाह और इषिरा परिख
## अकादेमी पुरस्कारः कथक

# MAULIK SHAH & ISHIRA PARIKH
## Akademi Award: Kathak

Shri Maulik Shah was born on 3 September 1958 in Tatan, Gujarat and Shrimati Ishira Parikh was born on 11 March 1962 in Mumbai, Maharashtra. Both of them have been groomed as Kathak dancers under Shrimati Kumudini Lakhia at Kadamb in Ahmedabad.

Shri Maulik Shah and Shrimati Ishira Parikh have performed at reputed festivals both nationally and internationally. They have travelled to over forty countries for their duet performances as well as choreographic presentations. They are the founders of Anart Foundation – a cultural institution which has contributed significantly in creating a rich cultural environment in Gujarat by bringing the dance world to perform in Ahmedabad, by organizing workshops, and by providing financial support to the young talent. Maulik, Ishira, and Aanart Dance Company were invited to perform in the prestigious Kuopio Dance Festival in Finland and in the Opening Ceremony of The Festival of India at Kremlin Theatre, Moscow.

They are recipients of many prestigious awards including Gaurav Puraskar by the Government of Gujarat and Sringarmani by Sur Singar Samsad.

Shri Maulik Shah and Shrimati Ishira Parikh receive the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 jointly for their contribution to Kathak dance.

श्री मौलिक शाह का जन्म 3 सितंबर 1958 को टाटन, गुजरात में और श्रीमती इषिरा परिख का जन्म 11 मार्च 1962 को मुम्बई, महाराष्ट्र में हुआ था। दोनों ने अहमदाबाद के कदम्ब में श्रीमती कुमुदिनी लाखिया के मार्गदर्शन में कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री मौलिक शाह और श्रीमती इषिरा परिख ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने अपनी युगल प्रस्तुतियों के साथ ही कोरियोग्राफिक प्रस्तुतियों के लिए चालीस से अधिक देशों की यात्रा की है। आप दोनों एनार्ट फाउंडेशन के संस्थापक हैं जो कि एक सांस्कृतिक संस्था है, जिसने अहमदाबाद में नृत्य जगत के प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियों, कार्यशालाओं के आयोजन और युवा प्रतिभाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करके गुजरात में एक समृद्ध सांस्कृतिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मौलिक, इषिरा और एनार्ट डांस कंपनी को फिनलैंड में प्रतिष्ठित "कुओपियो डांस फेस्टिवल" और क्रेमलिन थिएटर, मॉस्को में द फेस्टिवल ऑफ इंडिया के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था।

आपको गुजरात सरकार द्वारा गौरव पुरस्कार और सुर सिंगार संसद द्वारा श्रृंगारमणि सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

कथक नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मौलिक शाह और श्रीमती इषिरा परिख को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से संयुक्त रूप से सम्मानित किया जाता है।

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2018